हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025

तापमान

अधिकतम 42 .2 डिग्री

न्यूनतम 20 .9 डिग्री

अनाजमंडी में किसानों को लगाया जा रहा था चूना 12



छात्र अपने परिजनों और शिक्षकों को बताएं समस्याएं 12



## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी में एक गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने डाहर टोल प्लाजा के पास 7.2 ग्राम स्मैक के साथ रमन पुत्र सीताराम निवासी गांधी कॉलोनी माडल टाउन को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पहले भी नशा तस्करी के थाना माडल टाउन व थाना समालखा में तीन केस दर्ज हैं।

### अवैध रूप से शराब बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस की टीम ने सेक्टर 12 की मार्केट के नजदीक खोखे में अवैध रूप से शराब बेच रहे नीरज चावला पुत्र मदनलाल निवासी एनएचबीसी हुडा सेक्टर 11/12 को गिरफ्तार किया और इसके पास से अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर की खेप बरामद की।

### हादसे में सिक्योरिटी सुपरवाइजर की मौत

**पानीपत।** जाटल रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सिक्योरिटी सुपरवाइजर तीस वर्षीय अजय कुमार की मौत हो गई। वहीं पुलिस ने मृतक के भाई अरविंद कुमार निवासी गांव सुतना की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज करवाया है।

### वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**समालखा।** जीटी रोड पर गांव झट्टीपुर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुक्मचंद निवासी गांव इसराना, जिला पानीपत की मौत हो गई। वहीं, समालखा थाना पुलिस ने मृतक के पुत्र सुजीत की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद हुक्मचंद का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

### शराब ठेके पर लूट का दूसरा आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने जीटी रोड पर सेक्टर 29 बाइपास स्थित शराब ठेके पर व समालखा व पट्टीकल्याण के बीच स्थित शराब ठेके से हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के दूसरे आरोपी फारूख पुत्र सागीर निवासी कप्तान नगर हाल कलंदर पीर को गिरफ्तार किया है।

### लिफ्ट लेकर बैठे युवक ने बैग से नकदी निकाली

**पानीपत।** शहर में लालबत्ती चौक से बाइक सवार सूरज निवासी गांव कुराड जिला से लिफ्ट लेकर बैठे युवक ने बैग से 80 हजार का कैश चुरा लिया। सूरज अपने बेटे की दवाई लेने जा रहा था। जब वह दवाई लेकर पैसे देने लगा तो उसे रुपए गायब मिले। सूरज की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने अज्ञात युवक पर केस दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस ने आरोपी की शिनाख्त के लिए वारदत वाले क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है।

सभी शिक्षकों को टीचर डायरी ऑनलाइन लिखने के आदेश जारी

# गुरुजी की टीचर डायरी होगी ऑनलाइन, एमआईएस के जरिए मिलेगी

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

सरकारी स्कूलों में कार्यरत गुरूजी की टीचर डायरी अब ऑनलाईन होगी। प्रदेश के स्कूलों में कार्यरत सभी शिक्षकों को अपनी टीचर डायरी ऑनलाईन लिखने के आदेश जारी किए गए है। विभाग की ओर से इस बारे में जारी आदेशों में कहा गया है कि 9 अप्रैल से शिक्षकों को टीचर डायरी एमआईएस के माध्यम उपलब्ध करवाई जाएगी।

टीचरों को अपनी डायरी को नियमित आधार पर अपडेट करना होगा, भले ही वह चुनाव, परीक्षा या किसी अन्य ड्यूटी पर हो या फिर वह किसी प्रशिक्षण में भाग ले रहा हो या किसी भी तरह के अवकाश पर हो। उसे हर हाल में अपनी डायरी को एमआईएस पोर्टल पर जाकर उसे अपडेट करना होगा। यह डायरी दैनिक या साप्ताहिक आधार पर लिखी जाएगी।

### स्कूलों के मुखिया करेंगे डायरी का अवलोकन

यदि कोई शिक्षक समय पर डायरी सब्मिट नहीं करता है तो उसे अगले 15 दिनों के भीतर उसे अपडेट करने की अनुमति मिलेगी। यह स्कूलों में शिक्षकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए किया गया है। टीचर की डायरी सब्मिट होने के बाद स्कूल के मुखिया इस डायरी का अवलोकन करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य हर महीने एक प्रमाण भी प्रस्तुत करेंगे जिसमें यह बताया जायेगा कि विद्यालय के सभी शिक्षकों ने संबंधित महीने की अपनी टीचर डायरी सब्मिट कर दी है। इसी तरह जिला स्तर के शिक्षा अधिकारी भी अपने विभागीय डैशबोर्ड के माध्यम से शिक्षकों/ विद्यालयों की नियमित निगरानी करेंगे। डायरी लिखने का कार्य पूरा न करने वाले शिक्षकों पर विभागीय कार्रवाई की भी जाएगी। शिक्षक स्थानांतरण अभियान के दौरान शिक्षकों को डायरी जमा करने की छूट दी जाएगी तो वहीं इसी प्रकार की छूट प्रधानाचार्य को भी मिलेगी। स्कूल मुखिया को कार्य समाप्ति का प्रमाण पत्र जमा करने से छूट दी जाएगी यदि ट्रांसफर में किसी टीचर का स्कूल बदल जाता है तो वह पुराने स्कूल की अपनी एन्ट्री को डी-एक्टिवेट करने के बाद नए स्कूल की एन्ट्री कर सकता है यदि यह कार्य नहीं किया जाता तो उक्त शिक्षक द्वारा की जाने वाली एंट्री उनके वर्तमान स्कूल के प्रिंसिपल को उपलब्ध नहीं होगी।



### निदेशालय से पत्र मिला

इस बारे में निदेशालय की ओर से जारी पत्र प्राप्त हो चुका है। इस बारे में सभी शिक्षकों को अवगत करवाया जा चुका है और उन्हें ऑनलाइन टीचर डायरी को लिखने के बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके है।
सुधीर कालड़ा, डीईईओ, अंबाला।

ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से जत्था रवाना

# 342 लोगों को मिला पाकिस्तान की धार्मिक यात्रा के लिए वीजा

आज जत्थे को ननकाना साहिब ले जाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह ने दिखाई जत्थे को हरी झंडी

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा खालसा साजना दिवस (बैसाखी) पर हरियाणा की संगत का एक जत्था पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए रवाना किया गया।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, मैंबर हरमनप्रीत सिंह सलपानी, बीबी जसबीर कौर मसाना, सुखजिंदर सिंह मसाना, गुरनाम सिंह लाडी, पूर्व मैंबर बेअंत सिंह व परमजीत सिंह मक्कड़, हरविंदर सिंह बिंदु ने ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में गुरु चरणों में अरदास के उपरांत इस जत्थे को रवाना किया।



**कुरुक्षेत्र** पाकिस्तान धार्मिक यात्रा को रवाना करते हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व अन्य।

प्रधान भूपिंदर सिंह असंध ने बताया कि इस बार पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए रिकार्ड तोड 342 वीजे मिले हैं। भारत की केंद्र सरकार और पाकिस्तान दूतावास प्रशासनिक पदाधिकारियों का आभार जताते हुए जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि देश विभाजन की वजह से सिखों के धार्मिक गुरुद्वारा साहिबान पाकिस्तान के दर्शन करने के लिए संगत के लिए नामुकिन साबित हो रहा था। मगर केंद्र सरकार व पाकिस्तान दूतावाज के सहयोग से यह संभव हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि बाघा बार्डर के माध्यम से यह जत्था पाकिस्तान में प्रवेश करेगा। जत्थे को सबसे पहले 10 अप्रैल को श्री गुरु नानक देव जी महाराज के जन्म अस्थान श्री ननकाना साहिब ले जाया जाएगा। इसके उपरांत 11 अप्रैल को जत्थे में शामिल संगत श्री ननकाना साहिब के आस पास लोकल गुरुद्वारा साहिबान के दर्शन करेंगे, जबकि 12 अप्रैल को गुरुद्वारा सच्चा सौदा फारूकाबाद पहुंचेगा। यहां गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक होने के पश्चात जत्थे को 13 अप्रैल को श्री पंजा साहिब गुरुद्वारा साहिब के दर्शन के लिए लेकर जाया जाएगा। जत्थेदार असंध ने बताया कि 14 अप्रैल को जत्थे में शामिल संगत बैसाखी के प्रमुख खालसा साजना दिवस समागम में शिरकत करेगी। इसके बाद 15 अप्रैल को गुरुद्वारा दरबार साहिब श्री करतारपुर साहिब के दर्शन संगत को करवाए जाएंगें, जबकि 17 अप्रैल को लाहौर में सुशोभित गुरुद्वारा रोडी साहिब गुजरावाला में शीश नवाने के लिए संगत पहुंचेगी। तत्पश्चात संगत गुरुद्वारा डेहरा साहिब लाहौर के दर्शन करेगी। इस मौके पर हरियाणा कमेटी के चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैक्रेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, सतपाल सिंह ढाचर, उप सचिव रूपिंदर सिंह, अमरिंदर सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह, यात्रा विभाग के प्रभारी हरकीरत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### मुफ्त बस सेवा

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मेंबर हरमनप्रीत सिंह ने बताया कि पहले हरियाणा की सिख संगत को एसजीपीसी द्वारा यह यात्रा करवाई जाती थी, लेकिन सेवा संभाल के बाद से ही हरियाणा कमेटी ने जत्थे को पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए भेजने की व्यवस्था करनी आरंभ कर दी थी। यात्रा विभाग के प्रभारी हरकीरत सिंह ने बताया कि इस जत्थे को बाघा बार्डर तक ले जाने के लिए हरियाणा कमेटी द्वारा निशुल्क बस सेवा की सुविधा मुहैया करवाई गई है।

# पीएम रैली स्थल के पास चलाया कांबिंग ऑपरेशन



**यमुनानगर।** गांव कैल के पास कांबिंग ऑपरेशन चलाती पुलिस।

- 14 अप्रैल को गांव कैल में होनी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली
- वीवीआईपी के आगमन के चलते चलाया गया कांबिंग ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने बुधवार को कमांडो बटालियन व डॉग स्क्वाड के साथ गांव कैल में सभा स्थल व विभिन्न क्षेत्रों में कांबिंग ऑपरेशन चलाया गया। 14 अप्रैल को गांव कैल में प्रधानमंत्री की रैली होनी है। जिसमें वीवीआईपी का आवागमन होगा। इस कांबिंग ऑपरेशन में एडिशनल एसपी सृष्टि गुप्ता, एसएचओ थाना सदर जगाधरी उप निरीक्षक तरसेम, उप निरीक्षक राजिंदर सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

एडिशनल एसपी सृष्टि गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव कैल में सभा स्थल व विभिन्न क्षेत्रों में एक कांबिंग ऑपरेशन चलाया गया। उन्होंने बताया कि जिला यमुनानगर में 14 अप्रैल को वीवीआईपी के आगमन के मध्यनजर यह कांबिंग ऑपरेशन चलाया गया है। इसमें शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस का प्रयास है कि शरारती तत्व, असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर शिकंजा कसा जाए। लोगों से भी अपील है कि अगर उन्हें लगता है कि उनके यहां पर कुछ गलत हो रहा है तो इसकी सूचना पुलिस को दे। पुलिस उस पर तुरंत एक्शन लेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल के दिशा निर्देश पर जिला पुलिस की टीमें काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कांबिंग ऑपरेशन आगे भी लगातार जारी रहेंगे ताकि जिले में कानून व्यवस्था बनी रहे। यह कांबिंग ऑपरेशन जनता में सुरक्षा की भावना को सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया है।

# इलाज के लिए आए युवक की इंजेक्शन लगाने पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- युवक के परिजनों ने रोटरी अस्पताल में किया हंगामा

रोटरी अस्पताल में पथरी का उपचार करवाने आए मोहड़ा के 45 वर्षीय जसबीर की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर ही लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

कार्रवाई की मांग करते हुए अस्पताल परिसर में ही जमीन पर बैठ गए। सूचना पाकर अंबाला कैंट थाना प्रभारी अजायब और डीएसपी रमेश कुमार मौके पर पहुंचे और समझाकर परिजनों को शांत करवाया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत से असल कारणों का खुलासा हो पाएगा। परिजनों का आरोप था कि जसबीर को पथरी का दर्द होने के कारण अंबाला छावनी के रोटरी अस्पताल में दोपहर को दाखिल करवाया था। अस्पताल स्टाफ द्वारा इंजेक्शन लगाने के बाद जसबीर की तबीयत अचानक बिगड़नी शुरू हो गई थी। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने चंडीगढ़ पीजीआई के डॉक्टरों से मामले की जांच करवाई की मांग भी उठाई। अंग्रेज कुमार ने आरोप लगाए कि दर्द उठने पर भाई जसबीर को अल्ट्रासाउंड के लिए रोटरी अस्पताल लेकर आए थे। अस्पताल स्टाफ ने बताया कि पथरी का छोटा टुकड़ा निकलकर नली में फंस गया है। टुकड़े को एमआरसीपी द्वारा निकाले जाने की बात कहीं गई थी। पहले तो परिजनों ने पास के गांव से होने के कारण अस्पताल को अगले दिन आने के लिए बोल दिया था। इतने में स्टाफ ने कहा कि वह इंजेक्शन लगा देंगे। भतीजे को पहले तो बाहर से इंजेक्शन लाने के लिए पर्ची दी।

वह सामान लाते रहे। आखिर में फिर अचानक पर्ची लेने के बाद खुद के द्वारा इंजेक्शन लगाने की बात कहीं थी। इंजेक्शन लगाने के बाद उसके भाई की तबीयत बिगड़ती चली गई। 10 मिनट के अंदर हार्ट चलना बंद हो गया था। जसबीर को कोई दूसरी बीमारी नहीं थी।



शव ले जाने के लिए मॉर्चरी के बाहर खड़ी एम्बुलेंस।

### बयान दर्ज के बाद कार्रवाई

एसएचओ अजायब सिंह ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अभी तक युवक की मौत की असल वजह सामने नहीं आई है। पुख्ता सबूतों के आधार पर ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# होमगार्ड की मौत के बाद भाई ने हड़पे इंश्योरेंस के 50 लाख रुपये

- होमगार्ड की विधवा पत्नी ने देवर पर लगाया पैसे हड़पने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव बकाना निवासी शीनम ने अपने देवर पर उसके पति होमगार्ड की मौत के बाद इंश्योरेंस के 50 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

रादौर के गांव बकाना निवासी शीनम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 अक्टूबर 2019 में उसकी शादी होमगार्ड सोहन के साथ हुई थी। उसने बताया कि उसके पति का बैंक खाता एचडीएफसी बैंक में था। जिसका नॉमिनी उसका देवर मोहन सिंह है। वह मोहाली में रहता है। पिछले साल सात फरवरी को अचानक ड्यूटी के दौरान उसके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उसने अपने देवर मोहन से नॉमिनी में उसका नाम लिखाने के लिए कहा। उसके देवर ने हां कर दी। आरोपी ने उसे विश्वास दिलवाया कि वह उसे उसके पति के बैंक खाते में आने वाली इंश्योरेंस की रकम भी दिला देगा, लेकिन मोहन सिंह के मन में लालच आ गया और उसने नॉमिनी से अपना नाम नहीं हटवाया।

### मिलीभगत का आरोप

काफी महीनों तक जब उसका नाम नॉमिनी में नहीं चढ़ा तो उसने बैंक में आरटीआई लगा कर जानकारी मांगी तो पता चला कि उसके पति सोहन के बैंक खाते की रकम व इंश्योरेंस की रकम मिला कर कुल 50 लाख रुपये का भुगतान मोहन सिंह को कर दिया गया है। उसने आरोप लगाया कि इसमे बैंक मैनेजर की भी मिलीभगत है। उसने इस बारे अपने देवर से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

यात्रा को लेकर अधिकारियों की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देश

# साइक्लोथॉन यात्रा का 18 को होगा जिले में स्वागत

- अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन यात्रा के यमुनानगर में पहुंचने को लेकर जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। उन्होंने अधिकारियों को साइक्लोथॉन यात्रा को लेकर दिशा निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि ड्रग्स फ्री यात्रा का जिला में 18 अप्रैल को रादौर में जनभागीदारी के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला में अधिक से अधिक युवाओं को भागीदार बनाने के लिए सभी खेल प्रशिक्षकों, खेल अकेडमी संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे खिलाड़ियों के साथ साथ स्वयं का भी पंजीकरण करें। साइक्लोथॉन यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया गया है। जिस पर कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कर सकता है।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में साइक्लोथॉन यात्रा के बारे में दिशा निर्देश देते हुए एडीसी नवीन आहूजा।

### यात्रा में लें भाग : आहुजा

एडीसी ने ग्राम पंचायतों, कॉलेजों, स्कूल, एनजीओ, विभिन्न संस्थाओं, नशा मुक्ति केंद्र और युवाओं से ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम में शामिल होकर इस यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया। हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन 18 अप्रैल को जिला में प्रवेश करेगी और जिला में रात्रि विश्राम के उपरान्त यह यात्रा 19 अप्रैल को जगाधरी से अंबाला जिले के नारायणगढ़ में प्रवेश करेगी। साइकिल पर सवार युवा जिला वासियों को नशे के खिलाफ संदेश देंगे। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता, सचिव रैडक्रॉस रणदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### युवाओं से अपील

एडीसी ने विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे जिला से अधिक से अधिक भागीदारी के लिए पोर्टल पर अपना पंजीकरण करें। साइक्लोथॉन में शामिल होकर हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने में अपनी भूमिका अदा करें। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। नशा मुक्त हरियाणा का संदेश हर घर तक पहुंचाना सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त हरियाणा का संदेश हर घर तक पहुंचाना है और इसके लिए स्थानीय युवाओं, छात्रों, खिलाड़ियों और सामाजिक धार्मिक संस्थाओं को जोड़ा जाएगा।

### दो नाबालिग लड़कियों को शादी का झांसा देकर किया अगवा

- पुलिस ने आरोपी दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों ने नाबालिग लड़कियों को शादी का झांसा देकर अगवा कर लिया।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की छह अप्रैल को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। जांच करने पर उसे मालूम हुआ कि उसकी लड़की को गांव का ही प्रिंस शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उधर, रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि आठ अप्रैल को वह किसी काम से बाहर गया था। घर पर उसकी 17 वर्षीय लड़की अकेली थी। जब वह घर लौटे तो उन्हें घर से लड़की गायब मिली।

# शक्ति भक्ति सेवा को समर्पित हनुमान जन्मोत्सव 12 को

- इस बार हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा के लिए दो शुभ मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हिंदू धर्म में हनुमान जयंती का विशेष महत्व है। साथ ही यह दिन बजरंगबली को समर्पित होता है। वहीं यह दिन हनुमान जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। बजरंगबली को शक्ति, भक्ति और सेवा का प्रतीक माना जाता है। हर साल चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि पर हनुमान जयंती को मनाने की परंपरा है। मान्यता है जो व्यक्ति इस दिन व्रत रखकर हनुमान जी की उपासना करता है, उनके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। इस साल हनुमान जयंती का पर्व 12 अप्रैल को मनाया जाएगा। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक रामराज कौशिक ने बताया कि धर्म ग्रंथों के अनुसार हनुमान जी ही एक ऐसे देव हैं जो आज भी पृथ्वी पर मौजूद हैं। इसलिए हनुमान जंयती के दिन बजरंगबली की पूजा- अर्चना करने से बल और बुद्धि की प्राप्ति होती है।



रामराज कौशिक

### ये है मुहूर्त समय

वैदिक पंचांग के अनुसार चैत्र पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 12 अप्रैल 2025 को प्रातः 03 बजकर 20 मिनट पर होगी। अगले दिन सुबह 05 बजकर 52 मिनट पर इसका अंत होगा। इसलिए हनुमान जयंती 12 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस बार हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा के लिए दो शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। पहला मुहूर्त 12 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 34 मिनट से सुबह 9 बजकर 12 मिनट तक है। इसके बाद दूसरा शुभ मुहूर्त शाम को 6 बजकर 46 मिनट से लेकर रात 8. 8 मिनट तक रहेगा।

**खबर संक्षेप**

## एक्ट का विरोध करने वाले किसान विरोधी : मेहला



**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने हरियाणा सीड्स एवं पैस्टीसाइडस एक्ट 2025 एक्ट को किसानों के हित में बताते हुए व्यापारियों द्वारा एक्ट का विरोध किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि किसान लंबे अर्से से उक्त एक्ट लाने की मांग कर रहे थे। नकली बीज और खाद से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा था। बड़ी कंपनियों के नाम की आड़ में कई व्यापारी किसानों को नकली सामान बेच कर चूना लगा रहे थे।

## हैफेड की ओर से गेहूं की खरीद शुरू की गई

**तरावड़ी।** गेहूं का सीजन शुरू हो गया है अनाज मंडी तरावड़ी में गेहूं की आवक भी शुरू हो गई है पिछले दो-तीन दिन से गेहूं मंडी में आ रही थी लेकिन नमी अधिक होने की वजह से सरकारी खरीद शुरू नहीं हो पाई। आज मंडी में गेहूं की खरीद का कार्य शुरू किया गया। बुधवार को पहले दिन हैफेड की ओर से गेहूं की खरीद की गई। जिसमें है। हैफेड के अधिकारी राजकुमार एवं अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता एवं अनिल अंजनथली महासचिव के नेतृत्व में आढ़तियों ने खरीद की प्रक्रिया शुरू की। इस दुकान नः 79 ओम ट्रेडिंग कम्पनी की दुकान पर लड्डू बांटकर खरीद का कार्य शुरू किया गया।

## एंटी करप्शन फाउंडेशन के नितिन बने डायरेक्टर

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल के वरिष्ठ समाजसेवी नितिन कुमार गोयल को फाउंडेशन का नैशनल डायरेक्टर नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा एवं नैशनल चीफ डायरेक्टर राकेश कौल ने नितिन गोयल को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नितिन गोयल ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जायेंगे और अपनी टीम का विस्तार करेंगे।

## पीएनबी के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर

**करनाल।** पंजाब नेशनल बैंक, करनाल मंडल द्वारा 131वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरुआत आज रक्तदान शिविर के आयोजन से हुई। इस अवसर पर जगजीत सिंह, मंडल प्रमुख, करनाल ने शिविर का शुभारंभ किया और स्वयं भी रक्तदान कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है और पीएनबी हमेशा समाजसेवा में अग्रणी रहा है। 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया । यह शिविर स्थानीय अस्पताल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें बैंक कर्मचारियों, ग्राहकों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन बैंक की समाज के प्रति प्रतिबद्धता और 'सेवा ही संकल्प' की भावना को दर्शाता है।

### बागवानी की आधुनिक तकनीकों में सहयोग की दरकार : राणा

# इजरायल के प्रतिनिधिमंडल ने किया घरौंडा के सब्जी उत्कृष्टता केंद्र का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज घरौंडा के सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में इंडो-इजरायल सहयोग व हरियाणा में इसके प्रभाव को लेकर इजरायल के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। इसमें श्री राणा ने प्रतिनिधिमंडल से उत्कृष्टता केंद्र में पिछले 14 साल में विकसित नई तकनीकों को प्रदर्शित करने, बागवानी खेती में हाइड्रोपोनिक्स, एयरोपोनिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों में सहयोग का अनुरोध किया।

श्री राणा ने कहा कि हरियाणा में बागवानी तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत-इजरायल कृषि योजना के तहत 6 उत्कृष्टता केंद्रों में से 5 का उदघाटन हो चुका है, एक केंद्र का जल्दी ही उद्घाटन किया जायेगा। इजरायल द्वारा साझा की गई तकनीकी विशेषज्ञता, नवाचार और व्यावहारिक समाधानों से बागवानी पद्धतियों की उत्पादकता और स्थिरता को बेहतर बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि इजरायल के सहयोग से हरियाणा में स्थापित उत्कृष्टता केंद्रों के माध्यम से सटीक खेती, उच्च घनत्त्व वाले पौधारोपण, संरक्षित खेती, वर्टिकल खेती, नई फसलों और नई किस्मों की शुरूआत, सूक्ष्म सिंचाई आदि की नवीनतम तकनीकों का प्रयोग करने से राज्य में बागवानी क्षेत्र में काफी सफलता प्राप्त हई है जिससे किसानों के जीवन में बदलाव आया है। श्री राणा ने कहा कि आने वाले सालों में इस सहयोग को मजबूत करने के लिये तत्पर हैं। उन्नत प्रौद्योगिकियों और विशेषज्ञ मार्गदर्शन से उत्कृष्टता केंद्रों को और बेहतर बनाने में सहयोग की अपेक्षा करते हैं। उन्होंने नींबू वर्गीय फलों की नई किस्मों पर फल उत्कृष्टता केंद्र मांगियाना(सिरसा) में कार्य करने तथा मधुमक्खियों में रोग की पहचान व इलाज के तरीकों की जानकारी देने का भी अनुरोध किया। भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी इजरायल के साथ बागवानी क्षेत्र में हाथ मिलाकर काम जारी रखेंगे। बैठक में इजरायल के कृषि एवं खाद्य मंत्री ने घटती खेती की जमीन और बढ़ते जल संकट के मद्देनजर वर्टिकल खेती पर जोर दिया। बैठक में बागवानी विभाग के महानिदेशक डा रणवीर सिंह ने प्रदेश में चल रहे पांचों उत्कृष्टता केंद्रों की गतिविधियों, गत वर्ष आयोजित की गई कार्यशालाओं और प्रौद्योगिकी के प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इससे पहले इजरायल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिक्टर के नेतृत्व में पहुंचे उच्च स्तरीय प्रतिनिधमंडल का स्वागत किया गया। प्रतिनिधिमंडल में भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार, सदस्य याकोव पोलेग, सुश्री सारा ओल्गा यानोवस्की, उरी रूबिनस्टीन, येदिदा शूलमन व बृहमा देव शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने बैठक के बाद पोलीहाऊस का दौरा किया। इजरायल के कृषि मंत्री एवी डिक्टर, राजदूत रूवेन अजार, हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एसीएस डॉ. राजा शेखर वंडरू ने पौधारोपण किया। इस मौके पर ड्रोन का भी प्रदर्शन किया।



**वर्टिकल खेती के फायदे बताए**

कहा कि वर्टिकल खेती से न केवल पानी को बचाया जा सकता है बल्कि आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर उत्पादन भी अधिक लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य की चुनौतियों का मकाबला करने के लिए खाद्य सुरक्षा की ओर भी ध्यान देना होगा। आगामी दस वर्षों में उत्पादन तीन गुणा बढ़ाने की योजना है। उन्होंने प्रदेश में खेती के लिये प्रयोग किये जा रहे पानी की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।



**इस दौरान ये रहे मौजूद**

इस मौके पर भारत सरकार के अवर सचिव मनोज कुमार, राजेश साहा, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के उप कुलपति डा एसके मल्होत्रा, बागवानी विभाग के महानिदेशक डा रणबीर सिंह, उत्कृष्टता केंद्र के उप निदेशक डॉ. बिल्लू यादव, डॉ. आत्म प्रकाश, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सुरेश चंद, डॉ. मनोज भानुकर(मुख्यालय), प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ. हर्षिता, डीएचओ डॉ. मदन आदि मौजूद रहे।

## अवैध रूप से पनप रही 3 कॉलोनियों पर चला पंजा



- अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें, वरना होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस इंद्री में तीन अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्यवाही की गई।

उन्होंने बताया कि ब्याना मोड़ पर गांव मटक माजरी में लगभग चार एकड़ में स्थित एक अवैध कॉलोनी में सभी कच्ची सडक़ों को ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार गांव नन्हेड़ा में लगभग एक एकड़ में स्थित अवैध कॉलोनी में दो डीपीसी व कच्ची सडक़ों को ध्वस्त किया गया तथा गढ़ी बीरबल रोड पर गांव मटक माजरी में लगभग डेढ़ एकड़ में स्थित एक अवैध कॉलोनी में दो डीपीसी व सभी पक्की सडक़ों के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम मौके पर उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त थाना इंद्री की पुलिस फोर्स व ड्यूटी मजिस्ट्रेट, एसडीओ पंचायती राज इंद्री भी मौके पर उपस्थित रहे। जिला नगर योजनाकार ने कहा जिले में अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माणों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफ़ोड़ की कार्यवाही जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज करवाये जायेंगे।

## मंडियों में लोडिंग का कार्य 11 से बंद करने का ऐलान

करनाल। मंडी मजदूर संगठन करनाल ने प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि मंडियों में लोडिंग का कार्य 11 अप्रैल से बंद कर दिया जाएगा। दरअसल मंडी बोर्ड द्वारा लोडिंग की जो मजदूरी तय की गई है वह बहुत कम है। मजदूरों का कहना है कि इससे वह अपने परिवार का पालन पोषण नहीं कर सकते। महंगाई के दौर में गुजारा करना मुश्किल हो रहा है। मंडी मजदूर संगठन के जिला प्रधान जंग बहादुर यादव ने कहा कि बीती 19 मार्च को मंडी बोर्ड पंचकूला द्वारा मजदूरों को गेहूं की लोडिंग के लिए जो मजदूरी देना निश्चित किया गया था, उस पर संगठन ने आपत्ति जताई है।

## साइक्लोथॉन यात्रा के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर : अनुभव

- 17 अप्रैल को करनाल में करेगी प्रवेश, जगह-जगह होगा भव्य स्वागत
- 18 अप्रैल को प्रात: 6 बजे एनडीआरआई चौंक से यमुनानगर के लिए यात्रा होगी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



एसडीएम अनुभव मेहता ने साइक्लोथॉन यात्रा के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों के साथ प्रबंधों की चर्चा की और कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रबंध समय रहते पूरा करें और जिस रूट से यात्रा गुजरेगी, हर पॉइंट पर ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागेदारी सुनिश्चित की जाए और ग्राम पंचायत सहित अन्य जन प्रतिनिधियों के शामिल किया जाए।

उन्होंने बताया कि हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से साइक्लोथॉन रैली हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना- टैगलाइन के साथ 17 अप्रैल को करनाल जिला में प्रवेश करेगी। उपायुक्त उत्तम सिंह द्वारा साइक्लोथॉन-रैली से संबंधित अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं तथा उनके कार्य से संबंधित उनको विस्तार से भी बता दिया गया है।

## समिति की बैठक में 7 शिकायतों का निपटारा

- मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने सुनी लोगों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल।




हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण (भवन व सडक़ें) मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बुधवार को स्थानीय पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 13 शिकायतों में से 7 शिकायतों का मौके पर समाधान कर दिया तथा शेष 6 लंबित मामलों की पुनः जांच रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है, जनता का विश्वास है तभी सरकार बनी है और अब प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों के बारे में बोलते हुए कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान तय समय सीमा के अंदर और प्राथमिकता के आधार पर करें। किसी भी व्यक्ति को बेवजह परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा आ रहे हैं, इस दिन प्रदेश की जनता को कई परियोजनाओं की बड़ी इन शिकायतों का किया निपटारा कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने शिकायतें सुनते हुए सदर बाजार के रहने वाले हेमराज की शिकायत के बारे में कहा कि इस मामले में शिकायतकर्ता मौके पर नहीं आ पाया है इसलिए इस शिकायत को लंबित रखा गया है। इसी प्रकार से सूरजनगर के रहने वाले सुमित पांचाल की शिकायत के बारे में कहा कि इसकी जांच सीआईए शाखा कर रही है, जांच पूरी न होने की वजह से इस शिकायत को भी लंबित रखने के निर्देश दिए।

**बड़ी सौगात मिलेगी**

मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने मीडिया के सवाल के जवाब में कहा कि हिसार में बनाए गए एयरपोर्ट की दीवार पर विपक्ष के लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि इस पर करीब 20 करोड़ रूपये की राशि खर्च हुई है और पूरे नियमानुसार डिजाइन और पैमाइश के अनुसार यह दीवार बनाई गई है। उन्होंने अपने समय में कुछ किया नहीं और भाजपा द्वारा करवाए जा रहे विकास से वे घबराए हुए हैं।

## गांवों में महिलाओं के सशक्तिकरण से शुरू होता है असली बदलाव: रेनू

- !वरित्रा फाउंडेशन ने ऊंचा समाना गांव में प्रमाण पत्र वितरण समारोह में लाभार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

वारित्रा फाउंडेशन ने आज करनाल जिले के ऊंचा समाना गांव में एक भव्य प्रमाण पत्र वितरण समारोह के साथ अपने लाभार्थियों की उपलब्धियों का जश्न मनाया। स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा कौशल विकास और शैक्षिक कार्यक्रमों के सफल समापन को मान्यता दी गई, जो ग्रामीण सशक्तिकरण के लिए फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की और शैक्षिक और आर्थिक अंतर को पाटने में फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। अपने संबोधन में, उन्होंने कहा, "वरित्रा फाउंडेशन के कार्यक्रम जैसी पहल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "शिक्षा और कौशल निर्माण लैंगिक समानता को प्राप्त करने की कुंजी हैं। वरित्रा फाउंडेशन का कार्य अधिक न्यायसंगत भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

## सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 को वापस नहीं लेने तक पूरे प्रदेश की दुकानें रहेंगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



प्रदेश में सात दिवसीय हड़ताल के तीसरे दिन हरियाणा फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड एवं सीड ट्रेडर्ज एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक करनाल के एक निजी बैंक्वेट हॉल में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रधान हरमेश सिंह और चेयरमैन अमित गोयल ने की। सभा के संयोजक करनाल जिला प्रधान रामकुमार गुप्ता रहे। बैठक में सभी 22 जिलों से एसोसिएशन के प्रधान, महासचिव व अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे। खाद, दवा और बीज विक्रेताओं की समस्याओं और मांगों पर चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि हड़ताल को जारी रखा जाएगा। स्पष्ट तौर पर कहा गया कि जब तक सरकार सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 को वापस नहीं लेती पूरे प्रदेश में दुकानें बंद रखी जाएंगी। प्रदेश स्तरीय मीटिंग में अंबाला प्रधान राज कुमार गुप्ता, करनाल प्रधान राम कुमार गुप्ता, सुशील गर्ग, कुरुक्षेत्र से अशोक गुप्ता, यमुनानगर से गौरव मलिक, पंचकूला से योगेश सरदाना, जींद से पवन गर्ग, फतेहाबाद से कुलदीप जिंदल, भिवानी से सतपाल तंवर, रोहतक से मुकेश गोयल, पानीपत से रणदीप दूहन, सोनीपत से सतीश गुप्ता आदि रहे।




करनाल। एक्सटेंशन लेक्चर में भाग लेते शिक्षक व विद्यार्थी

## एम कॉम की छात्राओं के लिए एक्सटेंशन लेक्चर कराया

करनाल। कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी कालेज फॉर वूमेन में वाणिज्य विभाग द्वारा एम.कॉम की छात्राओं के लिए एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से डा. सुभाष चंद्र को कर नियोजन तथा लाभांश नीति पर प्रकाश डालने के लिए आमंत्रित किया गकया। प्राचार्या मीनू शर्मा ने प्रो. डा. सुभाष चंद्र को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डा. सुभाष चंद्र ने छात्राओं को निवेश पर रिटर्न, डिबेंचर फंड की अधिकतम सीमा, लाभांश नीति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह दी। उन्होंने छात्राओं की करियर चुनाव से संबंधित उलझनों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्राचार्या मीनू शर्मा, विभगाध्यक्ष संजना रहेजा, एम.कॉम इंचार्ज अंशुल अत्रेजा, डा. शिल्पा अरोड़ा तथा जैसमीन आदि मौजूद रहे।



## ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम

**घरौंडा।** बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर विश्रामगृह के समीप एक बड़ी दुर्घटना उस समय हो गई जब चावलों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण सड़क के बीचो-बीच पलट गई। यह घटना करनाल से पानीपत की ओर जा रही ट्रॉली के ओवरटेक के प्रयास के दौरान हुई, जिसमें ट्रॉली पूरी तरह से अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रॉली के पलटते ही करनाल से पानीपत की ओर जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कुछ समय के लिए भारी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। ट्रैफिक को सामान्य करने के लिए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक क्रेन मंगवाई और पलटी हुई ट्रॉली को सड़क के किनारे हटवाया गया। काफी मशक्कत के बाद मार्ग को दोबारा सुचारु किया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रॉली में चावल के भारी कट्टे लदे हुए थे और वह स्पष्ट रूप से ओवरलोड थी। जब चालक ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की, तभी ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। जांच अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि, "हमें ट्रॉली पलटने की सूचना मिली थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस दल मौके पर पहुंचा। ट्रॉली को क्रेन की सहायता से हटवाया गया और यातायात को पुनः चालू करवाया गया।

## विधायक योगेन्द्र राणा ने किया मंडी का दौरा

**असंध/ करनाल।** असंध के विधायक योगेन्द्र राणा ने बुधवार को जुंडला अनाज मंडी का दौरा कर गेंहू खरीद कार्य शुरू करवाया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फसल खरीद को लेकर मंडी अधिकारियों, आढ़तियों व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से बातचीत की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी फसल खरीद सीजन में तत्परता से अपनी ड्यूटी निभाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी तरह की परेशानी न आए और तय समय पर उनके खाते में पेमेंट का भुगतान हो। विधायक ने अपने दौरे के दौरान मंडी के गेट पर किसानों के गेट पास की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गेट पास काटे जाने के दौरान किसी तरह की कोताही न बरती जाए।

### मतदान और रक्तदान जैसी खुशी किसी और कार्य से नहीं मिलती: चावला

# निफा के शिविर में 1356 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

जब कोई व्यक्ति पहली बार वोट देता है या पहली बार रक्तदान करता है तो उसे दिल से एक ख़ुशी होती है ये ख़ुशी किसी और कार्य से हासिल नहीं की जा सकती। ये दोनों कार्य उसे ता उम्र याद रहते है। ये उद्गार आज हरियाणा पुलिस एकेडमी के निदेशक डॉक्टर अर्शिंदर सिंह चावला ने रक्त दाताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने पहली बार रक्त दान करने वालों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि जिस मरीज को आपात स्थिति में रक्त की आवश्यकता होती है उसके लिए आपके रक्त की कीमत क्या है ये वो ही बता सकता है। वे आज हरियाणा पुलिस एकेडमी के डॉ भीम राव अंबेडकर सभागार में आयोजित इस विशाल रक्त दान शिविर में बोल रहे थे। इस शिविर में रिकॉर्ड 1356 लोगों ने रक्तदान कर रिकॉर्ड बनाया।

हुआ। हालांकि रक्त देने के लिए और भी पुलिस के जवान लाइनों में लगे हुए थे लेकिन ब्लड बैंक टीमों द्वारा और ब्लड न लेने के निवेदन के बाद रक्त दान शिविर का समापन किया गया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने भी हरियाणा पुलिस अकैडमी और निफा के इस प्रयास की भरपूर प्रशंसा की। निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू ने आज के इस विशाल शिविर के लिए हरियाणा पुलिस एकेडमी के निदेशक डॉक्टर अर्शिंदर सिंह चावला का धन्यवाद किया और बताया कि यह विगत 20 दिन से चल रहे अभियान का सबसे बड़ा रक्त दान शिविर है।



**जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से लगा शिविर**

हरियाणा पुलिस एकेडमी के निदेशक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डॉ अर्शिंदर सिंह चावला के मार्गदर्शन में आयोजित इस रक्त दान शिविर को हरियाणा पुलिस एकेडमी मधुबन और नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स के संयुक्त तत्वाधान में जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि आज का रक्त दान शिविर विगत 20 दिन से चल रहे देश व्यापी संवेदना अभियान का अब तक का सबसे बड़ा शिविर है। निफा के देशव्यापी अभियान संवेदना-2 के अंतर्गत लगाए गए इस विशाल रक्त दान शिविर में हरियाणा पुलिस के जवानों का उत्साह इतना अधिक था कि करनाल सिविल अस्पताल और कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की टीम के साथ साथ भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी दिल्ली, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल सेक्टर 32 चंडीगढ़, गुरु हरकृष्ण चैरिटेबल अस्पताल सोहाना और सिविल अस्पताल यमुनानगर की ब्लड बैंक टीमों को भी बुलाना पड़ा। संवेदना अभियान के अंतर्गत पूरे देश में सबसे बड़े रक्त दान शिविर में कुल 1356 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

## खबर संक्षेप

### पति पर घरेलू हिंसा का केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत शहर में सेक्टर 29 थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति उसे वेश्यावृत्ति में धकेलना चाहा। महिला का पति जुए और नशे का आदी है। बाहर से काफी कर्जा लिया हुआ था। कर्जा नहीं चुका पाने पर उसने साहूकारों के साथ संबंध बनाने का दबाव पत्नी पर डाला। पत्नी राजी नहीं हुई तो उसने मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया।

### पीएम के कार्यक्रम में भाग लेंगे पानीपत वासी

**पानीपत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने 14 अप्रैल को हिसार में आयोजित किया जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पानीपत के उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के साथ वर्चुअल बैठक की व कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कुछ जिम्मेदारियां सौंपी। वहीं, डॉ. दहिया ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि उन्हें जो जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी वो उनका शिद्दत पूर्वक उनका निर्वहन करेंगे।

### बाल विवाह नहीं होने देंगे

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने तीस अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न विवाह समारोह के दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए अपील की है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विवाह करवाने वाले पुजारी, गांव के सरपंच, पंच व नम्बरदार तथा शहरों में पार्षद मुख्य भूमिका निभा सकते हैं।

### बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना

**पानीपत।** बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा आज प्राचीन श्री देवी मंदिर से चुलकाना धाम के लिए बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना की गई। मुख्य अतिथि कीति मेहता पत्नी राजेश मेहता उतम नगर व चंचल सराहा सेठी चौक ने नारियल फोड कर बस को रवाना किया गया।

### मेधावी छात्राएं सम्मानित की

**पानीपत।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में एमए इंग्लिश तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें आईबी पीजी कॉलेज की छात्रा रोशनी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चतुर्थ स्थान एवं ऋचा शर्मा ने छठा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रबंधक समिति के महासचिव एलएन मिगलानी, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने मेधावी छात्राओं को बधाई व उज्वल भविष्य का आशीर्वाछ दिया।

### आईबी कॉलेज का आयान प्रथम

**पानीपत।** आईबी कॉलेज बीसीए फाइनल ईयर के विद्यार्थी आयान अहमद ने पाइट क्वेस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आयान अहमद को प्रथम आने पर पाइट कॉलेज की तरफ से 5,44000 स्कॉलरशिप और एक लैपटॉप दिया गया। कॉलेज मैनेजमेंट श्री एल एन मिगलानी और प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने आयान अहमद को बधाई व उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## भाजपा की रीढ है कार्यकर्ता: प्रमोद

# भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ताओं का किया जाता सबसे अधिक सम्मान

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. हेमा रमण ने सभी का स्वागत किया।

- विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में सम्मेलन आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** भाजपा के कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए विधायक प्रमोद विज आदि। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चालू किए गए प्रदेश भर में सक्रिय सदस्यता अभियान सम्मेलन के तहत पानीपत शहरी विधानसभा में विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. हेमा रमण ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। इससे पूर्व जन संघ और भाजपा के वयोवृद्ध कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर विधायक प्रमोद विज ने कहा कि मैं नमन करता हूं उन कार्यकर्ताओं को जिनके नेतृत्व में पार्टी लगातार जीत हासिल करती जा रही है। भाजपा, इन्हीं कर्मठ कार्यकर्ताओं की बदौलत हरियाणा में लगातार तीन बार भारी बहुमत के साथ सरकार बनाकर नया इतिहास रच दिया है। विधायक विज ने पानीपत के जनसंघ के समय से सक्रिय सदस्यों के परिवारजनों को भी सम्मानित किया। वहीं, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा ने कहा कि भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ताओं का सबसे अधिक सम्मान किया जाता है। कार्यक्रम में नगर निगम महापौर कोमल सैनी, भाजपा नेता नवीन भाटिया, संजय अग्रवाल, मेघराज गुप्ता, सुनील सोनी, चेतन तनेजा आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** ग्रीनमैन प्रो. दलजीत ने राजकीय महाविद्यालय, भूना, फतेहाबाद को पौधे भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# पानीपत से हर्बल गार्डन की मुहिम प्रो.दलजीत ने फतेहाबाद पहुंचाई

- हर्बल मेडिटेशनल गार्डन में आम, अमरूद, अनार, आडू, बबुगोसा आदि के 250 से अधिक पौधे रोपित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के ग्रीनमैन के नाम से विख्यात देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में सहायक प्रो. दलजीत कुमार ने राजकीय महाविद्यालय, भूना जिला फतेहाबाद में हर्बल मेडिटेशनल गार्डन का निर्माण किया। प्रो. दलजीत ने बताया कि इस हर्बल मेडिटेशनल गार्डन में आम, अमरूद, अनार, आडू, बबुगोसा आदि के 250 से अधिक पौधे रोपित किए हैं। वहीं, राजकीय महाविद्यालय भूना में स्थापित हर्बल मेडिटेशनल गार्डन हरियाणा के कॉलेजों का पहला हर्बल मेडिटेशनल गार्डन है। मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ.रामनाथ ने कहा कि इस हर्बल मेडिटेशनल गार्डन से विद्यार्थियों और स्टॉफ सदस्यों को औषधिय लाभ के साथ ही मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होगा। इस दौरान संदीप कल्याणी, डॉ.सुनील कम्बोज, पवन शर्मा, प्रो.भरत कुमार, डॉ.रीना, प्रो. पिंकी, प्रो.कुसुम आदि मौजूद रहे।

### भारत की संस्कृति का आधार है गाय : दिवेशा



**समालखा।** श्री सिद्धपीठ दुर्गा माता मंदिर माता पुली रोड, में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सात दिवसीय श्रीराम कथा सुनाते हुए आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी दिवेशा भारती ने सीता स्वयंवर प्रसंग में बताया कि गाय हमारी संस्कृति का आधार और समाज का मेरुदंड है जिसे सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। गाय की रक्षा ही भारत की रक्षा है गाय की रक्षा ही संस्कृति की रक्षा है इसलिये उठो अपनी संस्कृति और संस्कारों को जान समझ अपनी गाय माता को सुरक्षित करो जो हमारी कृषि तंत्र का आधार है जो पर्यावरण की दात्री है जो समाज का आधार हो उसे संरक्षित करो उठो भारत वासियों चलो संस्कृति की ओर बढ़ो गाय की ओर। कथा का समापन प्रभु की पावन आरती से किया गया। प्रोग्राम के संयोजक अनिल बेनीवाल प्रधान श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर, भीम सिंह बेनीवाल, सुदेश कुहाड, गीता कुहाड आदि लोग मौजूद रहे।

### महीपाल के मंत्री बनने की मन्नत पूरी होने पर जागरण करवाया



**पानीपत।** शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, वार्ड दो से भाजपा पार्षद काजल शर्मा व वार्ड छह से भाजपा पार्षद कोमल पांचाल के विजयी होने की मन्नत पूरी होने पर उनके समर्थक सतेन्द्र कुमार कश्यप उर्फ चव्वनी द्वारा अपने मोतीराम कालोनी में मां भगवती के जागरण का आयोजन कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा रहे। जबकि ज्योत प्रचण्ड पार्षद काजल शर्मा पत्नी अनिल शर्मा, छत्र भेंटकर्ता पार्षद कोमल पांचाल पुत्रवधु ईसम पांचाल ने की। वहीं चुन्नी भेंटकर्ता हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल व पार्षद मंजीत कौर के पति राजपाल रहे। जागरण में महामाई का गुणगान शिव शक्ति जागरण पार्टी द्वारा किया गया। जागरण में पहुंचने पर सभी अतिथियों का स्वागत आयोजक व कालोनी वासियों द्वारा फूल मालाओं से किया गया।

# हस्त लिखित पत्रों में भावनात्मक मूल्य होते हैं

- दयाल सिंह पब्लिक स्कूल पानीपत की कक्षा नौवीं की छात्रा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** डीएसपीएस की प्रधानाचार्या डॉ. विनीता तोमर, डॉक विभाग के हेड पोस्ट मास्टर नरेश कुमार व सुरुचि को पौधे भेंट कर स्वागत करते हुए।

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में डाक विभाग पानीपत की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. विनीता तोमर ने मुख्य अतिथि हेड पोस्ट मास्टर नरेश कुमार और डिप्टी पोस्ट मास्टर सुरूचि को पौधे भेंट कर स्वागत किया। डाक विभाग द्वारा सजयाई आखर नामक राष्ट्रीय स्तर की पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसका विषय था लेखन का आनंदः डिजिटल युग में पत्रों का महत्व। इस प्रतियोगिता में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, पानीपत की कक्षा नौवीं की छात्रा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। उसे डाक विभाग द्वारा दस हजार रुपये का चेक और प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि पत्र लेखन व्यक्तिगत जुड़ाव को ब-सजय़ावा देता है और भावनात्मक प्रभाव डालता है लेकिन डिजिटल संचार के कारण पत्र लिखने की आदत में काफी कमी आई है। हम इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि हस्तलिखित पत्रों में भावनात्मक मूल्य होते हैं। क्योंकि इसमें व्यक्तिगत जुडाव अधिक होता है जिसकी डिजिटल संदेश बराबरी नहीं कर सकते।

## इंटर जोनल बेसबॉल में आर्य कॉलेज ने सिल्वर जीता



- विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया

**पानीपत।** आर्य पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों ने इंटर जोनल बेसबॉल टूर्नामेंट में आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस शानदार जीत के लिए प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के नवनियुक्त विभागध्याक्ष डॉ. राजेश टूर्ण व उनकी पूरी टीम को बधाई दी। वहीं, प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया कि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र में आयोजित इंटर कॉलेज बेसबॉल टूर्नामेंट में आर्य कॉलेज के खिलाड़ी विष्णु भट्ट, अनेक शर्मा, राजपाल चौहान, सक्षम सहरावत, शाहरुख, प्रह्लाद यादव, अमित यादव ने सिल्वर मेडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्राध्यापक राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर, सुनील पहल व प्राध्यापिका रजनी मौजूद रहे।

## दुनिया के 108 देशों में मनाया गया विश्व नवकार दिवस

- णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप विश्व शांत व सद्भावना के लिए किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** जिनवाणी विद्या भारती स्कूल में णमोकार मंत्र का जाप करते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

विश्व के 108 देशों में विश्व नवकार दिवस एक साथ मनाया गया। प्रातः 8:06 बजे से 9:36 बजे तक णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप वैश्विक शांति, करुणा एवं एकता के लिए किया गया। दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस महोत्सव का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि जैन धर्म पूर्णतया वैज्ञानिक धर्म है। वहीं विश्व नवकार दिवस पानीपत में भी धूमधाम से मनाया गया। जहां सभी धर्म के लोगों ने णमोकार महामंत्र का पाठ किया। विशेष रूप से पानीपत विराजमान सभी सातों दिगंबर जैन मंदिरों एवं जैन स्थानक अग्रवाल मंडी, गांधी मंडी एंव अंसल में भी गुरु जनों के सानिध्य में णमोकार मंत्र का सामूहिक पाठ किया गया। इसके अलावा जैन स्कूल सोसायटी द्वारा संचालित जिनवाणी विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से णमोकार महामंत्र का जाप किया गया। जिसमें स्कूल प्रबंधक संजीव जैन एवं उप प्रबंधक दिनेश जैन मौजूद रहे। श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुनील कुमार जैन ने कहा कि सामूहिक णमोकार मंत्र का जाप विश्व शांति के लिए किया जाता है। एडवोकेट मेहुल जैन ने कहा कि णमोकार मंत्र महामंत्र है, यह सब मंत्रों का राजा है। श्री दिगंबर जैन पंचायत के महासचिव मनोज जैन ने कहा कि विश्व नवकार दिवस बड़े ही अच्छे दिन मनाया गया है क्योंकि यह उत्सव भगवान महावीर जन्मोत्सव के ठीक एक दिन पहले पूरे विश्व में मनाया है।

## विदेश जाने के लिए अंग्रेजी का ज्ञान जरूरी : राजीव



- विदेश जरूर जाओ कहीं ऐसा ना हो बिना भाषा एवं ज्ञान के वहां पर पछताओ

**पानीपत।** पीसीसी एकेडमी में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विदेश जाने को लेकर था। एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा विदेश जरूर जाओ कहीं ऐसा ना हो बिना भाषा एवं ज्ञान के वहां पर पछताओ। वहीं, आज युवा पीढ़ी ने विदेश जाने की होड़ लगा रखी है। विदेश जाने से पहले वह तैयारी भी करते हैं। इस टेस्ट की तैयारी को करने के लिए वह अलग-अलग एकेडमी में जाकर न जाने कितने महीने बिता देते हैं। जिन लोगों को अंग्रेजी भाषा का ज्ञान नहीं है उनको यह टेस्ट क्लियर करने में काफी वक्त लग जाता है। राजीव परुथी ने कहा विदेश जरूर जाओ एवं आप टेस्ट की तैयारी भी करो परंतु उससे पहले अंग्रेजी भाषा में निपुण होना जरूरी है। इस मौके पर शिल्पा परुथी, सिमरन, अंजलि, लक्ष्मी , प्रियंका, ज्योति, शुभ व दिवांशु आदि मौजूद रहे।

**संबोधन** भाजपा ही वह पार्टी है जिसने परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ आवाज उठाई

# भाजपा की राजनीतिक विचारधारा का केंद्र है राष्ट्रवाद : भडाना

गरीब लोगों के जीवन को सरल बनाने का काम मोदी और नायब सरकार कर रही

- देश आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**पानीपत।** समालखा से विधायक मनमोहन भड़ाना संबोधन करते हुए।

भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को अपने गांव करहंस निवास पर संबोधित करते हुए भाजपा विधायक मनमोहन भडाना ने कहा भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा ही भाजपा के सदस्यों को यह सिखाती है कि 'पहले राष्ट्र, फिर संगठन और अंत में स्वयं'। उन्होंने कहा कि भाजपा ही वह पार्टी है जिसने परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ आवाज उठाई। भडाना ने कहा कि 11 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने राष्ट्रवाद को अपनी राजनीतिक विचारधारा का केंद्र बनाया और इसे आम जनता से जोड़ने में सफलता पाई। गरीब लोगों के जीवन को सरल बनाने का काम मोदी और नायब सरकार कर रही है।

### भाजपा ने समावेशी विकास पर जोर दिया

भडाना ने कहा कि भाजपा ने समावेशी विकास पर जोर दिया, जिससे समाज के हर तबके को लाभ मिला। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों, महिलाओं, किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग को सरकारी लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। वहीं, मोदी के नेतृत्व में भारत ने मेक इन इंडिया,स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया है। देश आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। देश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। इस अवसर पर डॉ. अर्चना गुप्ता, राजेन्द्र शर्मा हल्दाना, कुलदीप जांगड़ा, रोशन प्रधान चुलकाना आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** मुख्यमंत्री नसीब सैनी को फूल भेंट करते हुए भाजपा नेता संजय तोमर।

### भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी

**पानीपत।** भारतीय जनता पार्टी के नेता संजय तोमर ने मुख्यमंत्री नसीब सैनी से चंडीगढ स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की और पानीपत में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। वहीं सीएम सैनी ने संजय को आश्वासन दिया कि पानीपत का तेजी से गुणवत्ता वाला विकास जारी रहेगा। पानीपत का विकसित जिला बनाया जाएगा। इधर, संजय ने पानीपत में मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने कहा कि भाजपा, विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। प्रदेश में अपने सेवा भाव के बल पर तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य राष्ट्रवाद अंत्योदय और अखंड भारत का निर्माण करके विकसित भारत बनाना भी है।

**नाम परिवर्तन**

मैं रोहित कुमार सिंगला पुत्र बालक राम निवासी मकान नं 65/5, बडी पहाड, मेन बाजार पानीपत, अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मैने अपना नाम रोहित कुमार से बदलकर रोहित कुमार सिंगला रख लिया है। भविष्य में मुझे रोहित कुमार सिंगला के नाम से ही जाना पहचाना जाये।

शपथकर्ता

**नाम परिवर्तन**

मैं चिराग अग्रवाल पुत्र श्री आनंद प्रकाश अग्रवाल निवासी मकान नं 2973, ब्लाक-एफ, अंसल सुशांत सिटी, पानीपत, अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मैने अपना नाम चिराग से बदलकर चिराग अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे चिराग अग्रवाल के नाम से ही जाना पहचाना जाये।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### बराड़ा उगाला से व्यक्ति हुआ लापता

बराड़ा। गांव उगाला से एक व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। गांव की शीतल ने पुलिस को शिकायत दी है कि उसका पति विकास बीती 6 अप्रैल 2025 की रात बिना बताए घर से कहीं चला गया। वह अब तक भी वापस नहीं लौटा है। रिश्तेदारी में भी उसका सुराग नहीं लग पाया है। अब पुलिस विकास की तलाश कर रही है।

### आउटरीच कार्यक्रम में छात्रों को दिलाई शपथ

**अंबाला।** वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के साथ मिलकर आउटरीच एक्टिविटी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग के छात्रों को पर्सनल हाइजीन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। डॉ. मीनू राठी ने छात्रों को पर्सनल हाइजीन के बारे में जानकारी दी। उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। छात्रों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति शपथ दिलाई।

### मॉडल बनाने की गतिविधि आयोजित

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग ने मानसिक स्वास्थ्य और किशोरों में जोखिमों पर मॉडल बनाने की एक गतिविधि आयोजित की।यह मॉडल निर्माण गतिविधि विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिहाग के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मनोविज्ञान के छात्रों ने भाग लिया और प्रयोगशाला सहायक अनिल कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने विभिन्न जोखिमों की पहचान की।

### बाइकर्स महिला के कानों से बालियां लेकर फरार



**मुलाना।** एक मोटरसाइकिल सवार युवक दो महिलाओं की सोने की बालियां छीनकर भाग गया। पीड़िताओं में एक बुजुर्ग महिला भी शामिल है। आरोपी ने वारदात में बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल का प्रयोग किया साथ ही उसने मुंह पर कपड़ा लपेटा हुआ था । पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांधी बस्ती के जितेंद्र कुमार ने शिकायत में बताया कि सोमवार को वह अपनी माता दीपा रानी के साथ यमुनानगर से अंबाला कैंट लौट रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार पीछे से आया और उसने दीपा रानी के कान से सोने की बाली झपट ली। इसके बाद वह फरार हो गया। आरोपी ने अपना चेहरा कपड़े से ढक रखा था और उसकी बाइक पर कोई नंबर प्लेट भी नहीं थी। जितेंद्र ने बताया कि बाद में उन्हें जानकारी मिली कि यही युवक यमुनानगर के सुरिंद्रों से भी सोने की बाली छीन चुका है। उस वक्त वह महिला अपने ननद रामा देवी और उसके पति रामेश्वर के साथ मोटरसाइकिल पर अंबाला से महरमपुर जा रही थी। यह वारदात मनका मनकी कट राधा स्वामी आश्रम के पास घटित हुई । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

कस्बे को नशा मुक्त बनाने की पहल एकजुट हुए समाजसेवी और अधिकारी

# अवैध नशीली दवाई बेचने वाले मेडिकल स्टोरों पर होगी कार्रवाई
# पुलिस नाके लगाकर चलाएगी नशा रोकने का अभियानः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

एसडीएम अमित भारद्वाज ने कहा कि उपमंडल को नशा मुक्त करने के लिए विशेषकर युवाओं में जागरूकता लाना जरूरी है। नशा एक धीमा जहर है जो न केवल उस व्यक्ति के शरीर व जीवन को नष्ट करता है बल्कि उसके परिवार व समाज पर भी बुरा प्रभाव डालता है। इसलिए नशे के दुष्प्रभाव बारे में स्वयं भी जागरूक हो दूसरो को भी नशे से दूर रहने बारे जागरूक करना चाहिए ताकि व्यक्ति के जीवन को नशे जैसी भयंकर बीमारी से बचाया जा सके।

**दिशा निर्देश देते एसडीएम**



बराड़ा। आयोजित हुई बैठक में भाग लेते हुए अधिकारीगण। फोटोः हरिभूमि

**नशे को जड़ से खत्म करना होगा**

एसडीएम अमित भारद्वाज ने अपने कार्यालय में क्षेत्र को नशा मुक्त कराने के लिए अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तार से जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य ड्रग्स आदि नशे को जड़ से खत्म करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर माह सभी नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि नशा रोकने को लेकर पुलिस विभाग,स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य समाज सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर गांव, शहर, स्कूल व कॉलेजो में जाकर लोगों व बच्चों को जागरूक करें और नशा करने वाले लोगों पर नजर बना कर रखें ताकि उनमें सुधार लाया जा सकें।

**बिना पर्ची दवा बेची तो होगी कार्रवाई**

एसडीएम ने अधिकारियों को कहा कि वह सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी मेडिकल स्टोरों में नशें की प्रतिबंधित दवाओं की जांच कर रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि जिन मेडिकल स्टोरों पर अवैध रूप से नशे की दवा मिलती हैं उनके संचालको पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी मेडिकल स्टोर नशे की दवाई न दें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की स्कूल व कॉलेज में पढने वाले विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जाए ताकि वह हर प्रकार के नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशा मुक्ति के बारे में जागरूक करना बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को बताया जाए कि नशा उनको तबाही की तरफ लेकर जाता है। डीएसपी सुरेश कुमार ने उपमंडल के थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि रूटीन में चेकिंग करें और नशा तस्करों को पकड़ कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर काम करना होगा। केवल सरकारी प्रयासों से ही नशे की समस्या को समाप्त नहीं किया जा सकता। इस मौके पर नायब तहसीलदार गीता राम, नायाब तहसीलदार मुलाना आलमगीर, थाना प्रभारी मुलाना बलकार सिंह, थाना प्रभारी बराड़ा रजत कुमार, बीईओ प्रमोद कुमार, एमओ डॉ. शेखर, आईटीआई होली अधीक्षक राम कुमार, एसएमएस कॉलेज प्रिंसिपल इंदु, प्रिंसिपल सुरिंदर शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

▶▶ सीएम स्कवॉयड की कार्रवाई से हड़कंप ▶▶ जांच के दौरान टीम ने 110 बोरियों को किया सील

# मोहड़ी अनाजमंडी में किसानों को लगाया जा रहा था चूना, बोरियों में कम मिला अनाज

- आढ़ती से इस संबंध में पूछताछ की गई तो वो कोई जवाब नहीं दे पाया
- अब आढ़ती के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मोहड़ा अनाजमंडी में किसानों को चूना लगाया जा रहा था। सीएम स्ववॉयड की जांच में इसकी पोल खुली। दरअसल सीएम स्कवॉयड की जांच टीम ने मोहड़ा स्थित अनाजमंडी में दबिश दी थी। जब टीम एक आढ़ती के पास कार्रवाई के लिए पहुंची तो वहां रखी 110 बोरियों की जांच की। 10 बोरियों में औसतन वजन कम पाया गया। जब आढ़ती से इस संबंध में पूछताछ की गई तो वो कोई जवाब नहीं दे पाया। मौके पर मौजूद विधिक माप विज्ञान विभाग ने आढ़ती के खिलाफ आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। अनाजमंडियों में गेहूं की खरीद आरंभ हो चुकी है। इस कार्य में सरकार के निर्देशानुसार अलग-अलग एजेंसियों को लगाया गया है। इसको को लेकर सीएम स्कवॉयड की टीम दूसरे विभागीय कर्मचारियों के साथ मोहड़ा अनाजमंडी में पहुंचे। यहां लगभग चार घंटे तक टीम ने गेहूं खरीद से लेकर किसानों को मिलने वाली राशि की पड़ताल की। इस मौके पर उड़नदस्ते से एसआई हितेंद्र, एएसआई सुखविंदर सिंह, विधिक माप विज्ञान विभाग से निरीक्षक दलीप कुमार, सचिव मार्केट कमेटी अंबाला छावनी नीरज भारद्वाज, सुपरवाइजर मार्केट कमेटी सतेंद्र सिंह व खरीद एजेंसी हैफेड से धर्मेन्द्र सिंह मौजूद रहे।





अंबाला। गेहूं की नमी को जांच करते पूर्व विधायक व खरीद कार्य का मुआयना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**दुकान नंबर 35 से मिली खामियां**

जांच टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मोहड़ा अनाजमंडी स्थित दुकान नंबर 35 की जांच की गई जोकि आढ़ती निर्मल सिंह व मलकीत सिंह से संबंधित है। निरीक्षण के दौरान उक्त फर्म पर मौजूद जूट की 110 बोरी सील गेंहू में से 10 की जांच की गई और जब कांटे पर बोरियों का वजन किया गया तो 10 बोरियों में औसत वजन में अंतर पाया गया। इसकी रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी ताकि आगामी कार्रवाई की जा सके।

**पूर्व विधायक ने किया अनाज मंडी का निरीक्षण**

**शहजादपुर।** पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने बुधवार को अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों, खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों एवं किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर खरीद प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। डॉ. सैनी ने मंडी परिसर में तुलाई केंद्रों, खरीद बूथों और भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया और उपस्थित किसानों से बातचीत की। किसानों ने गेहूं की तुलाई, बारदाना, भुगतान और मंडी व्यवस्था को लेकर अपने अनुभव साझा किए, साथ ही कुछ सुधारात्मक सुझाव भी दिए। डॉ. सैनी ने इन सुझावों को गंभीरता से लिया और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. सैनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि गेहूं खरीद कार्य बिना किसी रुकावट, देरी या लापरवाही के संपन्न हो। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि मंडियों में किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार, ढील या लापरवाही की शिकायत नहीं आनी चाहिए। सैनी ने कहा, किसान देश की रीढ़ है। उसकी मेहनत को सम्मान देना सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है।

---



अंबाला। चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

डीएवी सीसे स्कूल में आईएमए गुलाबी पंख सत्र

# छात्र खुलकर अपने परिजनों और शिक्षकों को बताएं अपनी समस्याएं

- छात्रों से की बात, मोबाइल का प्रयोग व दूसरे क्रियाकलाप मे संतुलन बना कर रखना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे आईएमए गुलाबी पंख सत्र किया गया। संस्था के चेयरपर्सन डॉ. निधि जैन (पैथोलॉजिस्ट) व डॉ हिमानी जैन कोऑर्डिनेटर ने इसमें अहम भूमिका निभाई। यह सत्र किशोरावस्था के छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को लेकर था। इस सत्र मे शहर के गणमान्य डॉ. पूनम जैन (बाल रोग विशेष्ज्ञ), डॉ जसप्रीत (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. दीप्ति (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. वेणी व डॉ. हिमानी इस पैनल मे शामिल थे। सभी विशेषज्ञों ने अपने-अपने विचारों व सुझावों द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस सत्र मे दसवीं कक्षा के लगभग सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी ने सभी गणमान्य डॉक्टरों का ओउम पट पहनाकर स्वागत किया। सत्र के आरंभ में डॉ. पूनम जैन ने बच्चों को बताया कि किशोरावस्था मे मानसिक स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण होता है। ये मानसिक स्वास्थ्य कई बातों से जैसे किसी रिश्ते का टूटना, लड़ाई झगड़ा या शैक्षणिक भी हो सकता है। बच्चों को खुलकर अपनी समस्याओं के बारे मे अपने माता-पिता, अपने अध्यापक या स्कूल मे रखे काउंसलर से बात करनी चाहिए। डॉ. जसप्रीत ने बताया कि हम कैसे अपने नेत्रों को स्वस्थ रख सकते हैं। हमें मोबाइल का प्रयोग व दूसरे क्रियाकलाप मे संतुलन बना कर रखना चाहिए। मोबाइल का अधिकता से से ज्यादा प्रयोग हानिकारक है। करंट लगा हो या कोई डूब रहा हो, हमें उसे बचाना चाहिए। उन्होंने 108 नंबर पर काल करने के बारे मे बताया।

---

# शिक्षकों ने मांगों का ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ 421 के बैनर तले प्राथमिक शिक्षकों और विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री तथा निदेशक मौलिक शिक्षा को एक मांग पत्र सौंपा गया। यह मांग पत्र खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा और बीआरसी मोनिका को संयुक्त रूप से प्रेषित किया गया। इस ज्ञापन में 2012 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को 1998 के नियमानुसार एसीपी (असॉर्डेड कैडर प्रमोशन) लागू करने, उल्लास कार्यक्रमों के कारण पढ़ाई प्रभावित न हो, इस पर ध्यान देने, ट्रांसफर ड्राइव शुरू करने,पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने, किसी आश्रित की मृत्यु होने पर 15 दिन का विशेष अवकाश देने का नियम लागू करने, कैशलेस मेडिकल सुविधा को प्राथमिक शिक्षकों के लिए लागू करने, विद्यालयों में स्वीपर और चौकीदार नहीं होने पर नियुक्ति की व्यवस्था करने व ऑनलाइन टीचर डायरी को प्रतिदिन की बजाय

महीने में एक बार भरने का विकल्प देने की बात कही। इस मौके पर राजेश कुमार, प्रदीप कुमार, मीतू गोयल, रितु गोयल, राजकुमार, संग्राम सिंह, बंसीलाल, संजीव कुमार सहित कई अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

---

घुडचढ़ी को लेकर विवाद पर सांसद ने निंदा की

# पुलिस को असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सांसद वरुण चौधरी ने गांव मौली में शादी के दौरान दुल्हे की घुडचढ़ी को लेकर हुए विवाद की भरसक निंदा की है। उन्होंने कहा कि संविधान के लागू होने के 75 साल भी घुडचढ़ी न होने देना बहुत गलत है। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज में घुडचढ़ी न होने देना, महापुरुषों की मूर्तियां खंडित करना या महापुरुषों पर अभद्र टिप्पणियां करना जैसी घटनाएं निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। इस प्रकार की घटनाएं दिल और दिमाग दोनों को व्यथित करती हैं। उन्होंने कहा कि बीते दिनों गांव मौली में हुई इस अशोभनीय घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि 75 सालों से बराबरी का दर्जा संविधान के माध्यम से मिलने के बाद भी ऐसा हो यह बहुत ही दुखदाई होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। सांसद ने कहा कि जब यह घटना हुई उस समय वे अहमदाबाद (गुजरात) में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित सेशन में थे। सांसद ने उसी समय कमिश्नर ऑफ पुलिस पंचकुला, डीसीपी पंचकुला व एसएचओ रायपुररानी को असामाजिक तत्त्वों पर केस दर्ज कर कार्रवाई करने के लिए कहा था।



सांसद वरुण मुलाना।

---

# नारियल फोड़कर नपा अध्यक्ष ने मुख्य गली के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

- चुनाव से पहले मौजगढ़ के ग्रामीणों से किया था सड़क निर्माण का वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजत मलिक की अगुवाई में बुधवार को वार्ड-1 (मौजगढ़) में कम्यूनिटी सेंटर से लेकर मनोहर लाल तक तथा आंगनवाड़ी से श्री गुरु रविदास मंदिर तक की मुख्य गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नारियल फोड़कर कार्य की शुरुआत की गई। इस दौरान वार्ड के सदस्य पवन कुमार तथा स्थानीय निवासियों ने अध्यक्ष मलिक का स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। वार्डवासियों ने बताया कि यह सड़क लंबे समय से उनकी मुख्य मांग थी जो आज पूरी हुई है। इस दौरान रजत मलिक ने कहा कि हमने कस्बे के समग्र विकास का वादा किया था। इसे पूरा करने के लिए हर वार्ड में समान रूप से काम किया जाएगा। सभी 16 सदस्यों के क्षेत्रों में अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी करतार सिंह, श्याम लाल, मेहर सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



---

# विदाई समारोह में छलके जज्बात, प्रिंसिपल ने छात्रों को दिए जिंदगी में सफल होने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को एमकॉम. द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए एक भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन एमकॉम की इंचार्ज डॉ. बिन्नी पाहवा तथा रितु अरोड़ा, गगन, अनिता और अमनदीप कौर के मार्गदर्शन में किया गया। समारोह में एमकॉम. प्रथम वर्ष की छात्राओं और पीजीडीसीए विभाग की छात्राओं ने मिलकर अपने सीनियर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भावुक माहौल देखने को मिला जब जूनियर छात्राओं ने अपने सीनियर्स के प्रति प्रेम और शुभकामनाएं व्यक्त कीं। प्राचार्या डॉ. विज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन और विकास प्रकृति का शाश्वत नियम है। अब फाइनल वर्ष की छात्राओं को अपने नए जीवन सफर की ओर बढ़ना है। जहां वे शिक्षा से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगी।



बराड़ा। विदाई समारोह के दौरान स्टूडेंट्स और स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

14 को पीएम का कार्यक्रम | भाजपा के सक्रिय सदस्यों का बड़ागढ़ गांव में आयोजित हुआ सम्मेलन

# पीएम नरेंद्र मोदी के विजन को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे भाजपा कार्यकर्ता

**कई नेताओं ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

नारायणगढ़ विधानसभा के भाजपा सक्रिय सदस्यों का भव्य सम्मेलन बड़ागढ़ में बड़े ही उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी रही बंतो कटारिया, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, चारों मंडलों के मंडल अध्यक्षगण, जिला सदस्य, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए।सम्मेलन का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती को बढ़ावा देना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जन-जन तक पहुंचाना रहा। सम्मेलन की शुरुआत राष्ट्रगान और भारत माता की जय के नारों के साथ हुई। पूरे आयोजन स्थल पर देशभक्ति और संगठनात्मक ऊर्जा का अद्वितीय माहौल देखने को मिला। श्रीमती बंतो कटारिया का भावनात्मक संबोधन-हर कार्यकर्ता मेरी ताकत है भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंटो कटारिया ने मुख्य वक्ता के तौर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका यह विशाल समर्थन ही चुनाव में विजय की नींव है। उन्होंने कहा, भाजपा एक परिवार की तरह है, जिसमें हर कार्यकर्ता मेरा भाई, बहन और साथी है। हम सबका लक्ष्य एक है एक सशक्त भारत और एक आत्मनिर्भर समाज। उन्होंने मोदी जी के नेतृत्व में बीते दस वर्षों में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत दुनिया में नई पहचान बना चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और समृद्धि का मार्ग दिखाया है। भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह समय पार्टी को चुनावी मोड में लाने का है और हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़े। उन्होंने 14 अप्रैल को यमुनानगर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर कहा, यह रैली राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक ओर ऐतिहासिक कदम होगा। हम सबका कर्तव्य है कि इस रैली को ऐतिहासिक बनाया जाए। अपने-अपने क्षेत्रों में जनसभा, जनसंपर्क और संवाद कार्यक्रमों की योजना बनाकर उसे क्रियान्वित करें। उन्होंने गांव चलो अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।सम्मेलन में पूर्व जिला परिषद चेयरमैन सुरेंद्र राणा, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, शहजादपुर मंडल प्रधान विक्रम राणा, मारकंडा मंडल प्रधान धर्मबीर गुर्जर, नारायणगढ मंडल प्रधान जगदीप कौर, कडासन मंडल प्रधान आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



शहजादपुर। सम्मेलन को संबोधित करते करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि